आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 28.01.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करेंगे।
- हल्द्वानी में आयोजित ट्रायथलॉन मिक्स्ड रिले प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।
- प्रधानमंत्री का युवाओं से, एक राष्ट्र एक चुनाव चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 530 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। कहा– सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सतत क्रियाशील है।

38वें राष्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्‌घाटन करेंगे। उद्‌घाटन समारोह के लिए केंद्रीय मंत्री, भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य और राष्ट्रीय खिलाड़ियों समेत विभिन्न अतिथियों का पहुंचना जारी है। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए राजधानी देहरादून में सुरक्षा के कडे प्रबंध किए गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कल देर शाम महाराणा प्रताप स्टेडियम में विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान श्री धामी ने खिलाड़ियों के उत्तराखंड आगमन पर का भव्य स्वागत किए जाने के निर्देश दिए। उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। खेलों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ये खेल 14 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। राज्य के 8 जिलों के 11 शहरों में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन प्रस्तावित हैं। उत्तराखंड में 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं आयोजित की जानी हैं। खेलों में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ियों और अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

ट्रायथलॉन

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का आयोजन जारी है। 26 जनवरी से शुरू हुई ये प्रतियोगिता 30 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

हल्द्वानी के गौलापार स्टेडिएम में 27 जनवरी को आयोजित तैराकी, साइकिलिंग और दौड़ वाली ट्रायथलॉन मिक्स्ड रिले प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की चार सदस्यीय टीम ने इस प्रतियोगिता को पूरा करने में दो घंटा बारह मिनट और छह सैकेंड का समय लिया। टिहरी के शिवपुरी स्थित सैंड बीच पर कल बीच हैंडबॉल लीग मैचों की शुरुआत हुई। पहले दिन पुरुषों और महिलाओं के विभिन्न पूलों में रोमांचक मुकाबले खेले गए। पुरुषों के मैच पूल ए में उत्तराखंड ने तेलंगाना को 17–6 और 19–12 के स्कोर से हराकर 2–0 से जीत दर्ज की। उत्तराखंड की टीम के दिग्गज खिलाड़ी दिनेश ने 14 और भूपेंद्र सिंह ने 13 गोल किए। इस तरह एस. एस.सी.बी ने झारखंड को 2–0, उत्तर प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 2–0, राजस्थान ने गोवा को 2–0 से हराया। वहीं, महिलाओं के मैच पूल ए में उत्तराखंड को महाराष्ट्र के खिलाफ 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। साथ ही हरियाणा ने असम को 2–0 से हराया।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया है और युवाओं का आग्रह किया है कि वे इस पर विस्तृत चर्चा करें। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली के करिअप्पा परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. की रैली में कहा कि बार–बार चुनाव कराने से देश के लिए किए कार्यों की गति में बाधा आती है।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सतत क्रियाशील है। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने 352 स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उत्तराखण्ड वन विकास निगम के 178 स्केलर के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को विकसित राज्य बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यूसीसी

प्रदेश में 27 जनवरी से समान नागरिक संहिता– यूसीसी लागू हो गयी है। यूसीसी लागू करने का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत नागरिक कानूनों का मानकीकरण करना है। संहिता के अंतर्गत राज्य में अनुसूचित जनजातियों को छोडकर सभी धर्म के नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत पर एक समान नियम होंगे। विवाह और लिव–इन रिलेशनशिप का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता के माध्यम से सभी को समान अधिकार देने तथा महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। राज्य में यूसीसी लागू होने से प्रदेशवासियों में उत्साह है। सभी ने यूसीसी का स्वागत किया है। युवाओं का कहना है कि यूसीसी से सभी को समानता का अधिकार मिलेगा।

रोप–वे बंद

नैनीताल की रोप–वे यानी रज्जु मार्ग पर चलने वाली केबिल कार सेवा आज से 31 जनवरी तक तीन दिन के लिए बंद रहेगी। केबिल कार सेवा के संचालक–कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने बताया कि रोप में विद्युत पैनल आदि बदलने का कार्य किया जाना है। सुरक्षा के दृष्टिगत रोप–वे केबल कार सेवा को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

राज्य में कल समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने की खबर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– उत्तराखंड में सब एक बराबर, समान नागरिक संहिता हुई लागू।

इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– स्वतंत्रता के बाद देश में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड।

उत्तराखंड में आज से शुरू होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर दैनिक जागरण लिखता है– उत्तराखंड में आज से खेलों के महाकुंभ का शुभारंभ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन, अमर उजाला और राष्ट्रीय सहारा ने भी समाचार को प्रमुखता दी है। अमर उजाला खिलता है– दिन रात खेले जांएगे शुरूआती मुकाबले, लाइट से जगमग होंगे क्रीडा स्थल। सुबह छह बजे से देर रात तक चलेंगे मैच। समाचार पत्र आगे लिखता है कि– इंतजार खत्म, लक्ष्य सेन पीएम को सौंपेंगे तेजस्विनी मशाल, देश भर के 11 हजार से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम।

हरिद्वार जिले के रुड़की में पूर्व मंत्री प्रणव चैंपियन व खानपुर विधायक उमेश शर्मा के बीच चल रहे विवाद को भी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। अमर उजाला ने लिखा है– प्रणव को जेल, उमेश को बेल।